# ऑपरेशन संकल्प

## चर्चा में क्यों?

सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर आतंकवाद रोधी अभियान ऑपरेशन **संकल्प** के तहत **छत्तीसगढ़ के बीजापुर ज़िले के जंगलों** में मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों को मार गिराया।

## प्रमुख बिंदु

- **ऑपरेशन संकल्प के बारे में:**
  - **सुरक्षा बलों ने माओवादी बटालियन नंबर 1, दंडकारण्य स्पेशल ज़ोनल कमेटी (DKSZC)** और **माओवादियों की तेलंगाना राज्य समिति** के वरिष्ठ कैडरों की मौजूदगी के बारे में **खुफिया जानकारी** के आधार पर 21 अप्रैल को **ऑपरेशन संकल्प** शुरू किया था।
  - इस अभियान का लक्ष्य छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर कर्रेगुट्टा पहाड़ियों और आसपास के वन क्षेत्रों में माओवादियों का गढ़ है।
- **सम्मिलित बल:**
  - इस अभियान में लगभग 28,000 सुरक्षाकर्मी भाग ले रहे हैं।
  - इनमें ज़िला रिज़र्व गार्ड (DRG), बस्तर फाइटर्स , **विशेष कार्य बल (STF), छत्तीसगढ़ पुलिस,** केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) **और इसकी विशिष्ट** कोबरा यूनिट **(दृढ़ कार्रवाई के लिये कमांडो बटालियन)** की इकाइयाँ शामिल हैं।
- **कार्य क्षेत्र:**
  - यह अभियान **बीजापुर (छत्तीसगढ़)** और **मुलुगु तथा भद्राद्री-कोठागुडेम (तेलंगाना) तक विस्तृत लगभग 800 वर्ग किलोमीटर के जंगली और पहाड़ी क्षेत्रों में फैला हुआ है**, जो रायपुर से 450 किलोमीटर दूर स्थित है।
- **सेना द्वारा अधिकार क्षेत्र में:**
  - 400 से अधिक परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (IED)
  - लगभग 2 टन **विस्फोटक सामग्री**
  - 6 टन से अधिक **राशन, दवाइयाँ, दैनिक उपयोग की वस्तुएँ और अन्य माओवादी सामान बरामद**

## ज़िला रिज़र्व गार्ड (DRG)

- ज़िला रिज़र्व गार्ड (डीआरजी) **छत्तीसगढ़ में एक विशेष पुलिस इकाई है, जिसे 2008 में माओवादी हिंसा से** निपटने के लिये स्थापित किया गया था।
- इसमें **विशेष रूप से प्रशिक्षित कार्मिक शामिल होते हैं जो** प्रभावित ज़िलों में माओवाद-विरोधी अभियान चलाते हैं, **तलाशी और ज़ब्ती करते हैं तथा खुफिया जानकारी** एकत्र करते हैं।
- माओवादी विद्रोह का मुकाबला करने के लिये DRG केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF) **जैसे अन्य सुरक्षा बलों के साथ सहयोग करता है।**

## केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल (CRPF)

- सीआरपीएफ की स्थापना वर्ष 1939 में रियासतों में राजनीतिक उथल-पुथल और अशांति के जवाब में **क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस** के रूप में की गई थी।
- वर्ष 1949 में इस बल का नाम बदलकर **केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल** कर दिया गया।
- **तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने** CRPF के लिये एक बहुमुखी भूमिका की कल्पना की थी, तथा इसके कार्यों को नव स्वतंत्र राष्ट्र की उभरती जरूरतों के साथ संरेखित किया था।
- **कोबरा:**
  - यह **भारत के केंद्रीय रिज़र्व पुलिस बल की एक विशेष ऑपरेशन इकाई है** जो गुरिल्ला रणनीति और जंगल युद्ध में कुशल है। मूल रूप से **नक्सलवादी आंदोलन का मुकाबला करने के लिये स्थापित** किया गया था।
  - कोबरा को विषम युद्ध में संलग्न विद्रोही समूहों से निपटने के लिये तैनात किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/operation-sankalp-1